एथेनाल उत्पादन में अग्रणी बना उप्र

राज्य ब्यूरो, जागरण• लखनऊ : योगी सरकार के आठ वर्षों के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश बायो फ्यूल एथेनाल के उत्पादन में देश में अग्रणी बन चुका है। वर्तमान में एथेनाल की अनुमानित उत्पादन क्षमता दो बिलियन लीटर प्रतिवर्ष विकसित कर ली गई है, जिसे 2.5 बिलियन लीटर प्रति वर्ष तक पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके लिए कई चीनी मिलों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि की गई है और गोंडा में एशिया का सबसे बड़ा एथेनाल प्लांट लगाया गया है।

प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद से सीएम योगी ने अर्थव्यवस्था के विकास में रफ्तार लाने के उद्देश्य से एथेनाल उत्पादन पर जोर दिया। चीनी मिलों के क्षमता विस्तार से इसमें मदद मिल रही है। गोंडा में स्थापित प्लांट में प्रतिदिन 350 किलोलीटर एथेनाल का उत्पादन हो रहा है। गोरखपुर की पिपराइच चीनी मिल में भी जल्द ही उत्पादन शुरू होगा। सरकार की कोशिशों से गन्ना किसानों की आय बढ़ी है। सरकार ने भविष्य में प्रदेश को शुद्ध व शून्य उत्सर्जन के साथ एकीकृत गन्ना अर्थव्यवस्था को भी 50 हजार करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य है।